# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (19 जनवरी)

- भारत सरकार ने पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के जवाब में कहा है कि पाक अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान भारत का हिस्सा था और रहेगा| पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश को गलत ठहराते भारत ने कहा कि पाकिस्तान गैर-कानूनी तरीके से भारत के हिस्सों पर अपना हक न जताए। गौरतलब है कि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने गिलगित-बाल्टिस्तान के लोगों को संविधान के तहत मूलभूत अधिकार देते हुए कहा था कि यह इलाका पाकिस्तान की सीमा और उसके अधिकार क्षेत्र में आता है।
- केंद्र सरकार ने मिलिट्री पुलिस में महिलाओं को शामिल करने का निर्णय लिया है। मिलिट्री पुलिस की कुल टुकड़ियों के 20 फीसदी पदों पर महिलाओं की भर्ती चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। सेना ने 52 महिलाएँ प्रतिवर्ष के हिसाब से **मिलिट्री पुलिस** में 800 महिलाओं को शामिल करने की योजना तैयार की है। आपको बता दें कि अभी सेना में महिलाओं की नियुक्ति मेडिकल, लीगल, एजुकेशनल, सिग्नल और इंजीनियरिंग जैसी कुछ विशेष शाखाओं में ही की जाती है।
- केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर के लेह और कारगिल (लद्दाख) में **दुनिया का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र** लगाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत लेह में पाँच हज़ार मेगावाट का और कारगिल में ढाई हज़ार मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जा रहा है। इसमें लेह में लगाया जा रहा सोलर प्लांट दुनिया में सबसे बड़ा होगा। केंद्र सरकार ने 2023 तक इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा है।
- महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय ने उनके जीवन पर एक डिजिटल स्टडी किट तैयार की है। 16 GB की पेन ड्राइव में उपलब्ध इस किट में गांधी जी के जीवन के तमाम पहलुओं से जुड़ी जानकारियाँ, किताबें, ऑडियो, वीडियो और तस्वीरें मौजूद हैं। इस डिजिटल स्टडी किट को **My Life My Message** नाम दिया गया है। इसमें गांधी जी की लिखी 20 पुस्तकें, उन पर लिखी गई 10 किताबें और 9 डाक्यूमेंट्री फिल्में शामिल हैं। कई ऑडियो के साथ लगभग 100 तस्वीरें भी इस स्टडी किट में शामिल हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में नौवें **वाइब्रेंट गुजरात** सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य गुजरात में निवेश को आकर्षित करना है। वाइब्रेंट गुजरात को राष्ट्र प्रमुखों की उपस्थिति का एक वैश्विक मंच माना जाता है। इस अवसर पर उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिरजियोयेव, डेनमार्क के प्रधानमंत्री लार्स लोक रासमुसेन, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज बबिज और माल्टा के प्रधानमंत्री डॉ. जोसेफ मस्कट भी मौजूद थे। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये इसमें शामिल हुए। वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन के पहले संस्करण का आयोजन 2003 में किया गया था, उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।
- भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) और लिबकॉइन भारत में 1 GwH लिथियम आयन बैट्री संयंत्र के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं। बाद में इस संयंत्र की क्षमता 30 GwH तक बढ़ाई जाएगी। इस परियोजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा तेल आयात में कमी आएगी। यह परियोजना मेड बाई इंडिया फॉर इंडिया के तहत शुरू की जाएगी। इसके अंतर्गत प्रमुख मशीनों का निर्माण देश में किया जाएगा। BHEL जल्द ही सुविधाओं, R&D, इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य तकनीकी-वाणिज्यिक मुद्दों के अध्ययन के लिये एक टीम भेजेगा। टीम के मूल्यांकन और सिफारिशों के आधार पर संयुक्त उद्यम लगाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।
- हवाई जहाज़ के ईंधन में 25 फीसदी तक बायोफ्यूल मिलाने की दिशा में कदम उठाते हुए भारतीय पेट्रोलियम संस्थान ने प्रतिदिन 10 हज़ार लीटर बायोफ्यूल तैयार करने के लिये प्रयास शुरू किये हैं। इसके तहत 50 करोड़ रुपए की लागत से बायोफ्यूल बनाने का संयंत्र लागाया जाएगा। इसके लिये ऐसे स्थान की तलाश की जा रही है जहाँ अधिक मात्रा में बेकार खाद्य तेल तथा बेकार पाम आयल सहजता से उपलब्ध हो, क्योंकि बायोफ्यूल बनाने के लिये इनका इस्तेमाल होता है।
- वियतनाम के हा लोंग शहर में आसियान देशों तथा भारत के पर्यटन मंत्रियों की सातवीं बैठक का आयोजन हुआ। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय पर्यटन मंत्री के.जे. अल्फोंस ने किया। उन्होंने वियतनाम के संस्कृति, खेल तथा पर्यटन मंत्री एनगुयेन एनगोक थियेन के साथ इस बैठक की सह-अध्यक्षता की। पर्यटन मंत्रियों ने आसियान-भारत पर्यटन सहयोग 2019 लॉन्च किया। इससे दोतरफा पर्यटन आगमन की दृष्टि से सहयोग बढ़ेगा और आसियान तथा भारत के बीच People-to-People Contact को प्रोत्साहन मिलेगा। इस बैठक में ब्रुनेई, कम्बोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलिपींस, सिंगापुर तथा थाईलैंड के पर्यटन मंत्री भी शामिल हुए।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी प्रशासन के अहम पदों पर तीन भारतीय मूल के लोगों की नियुक्ति की है। रीता बरनवाल को ऊर्जा कार्यालय की अगुवाई करने के लिये चुना गया है। वह विभाग के परमाणु तकनीक अनुसंधान और परमाणु तकनीक अवसंरचना के विकास का काम देखेंगी। आदित्य बमजई को प्राइवेसी एंड सिविल लिबर्टीज़ ओवरसाइट बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। बिमल पटेल को सहायक वित्त मंत्री पद के लिये नामित किया गया है। इन सभी की नियुक्तियाँ अमेरिकी सीनेट की मंज़ूरी के बाद प्रभावी होंगी।
- आरिफ सईद खोसा को पाकिस्तान का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने उन्हें देश के 26वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। भारत के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं राष्ट्रमंडल न्यायिक शिक्षा संस्थान की शासी समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मदन बी. लोकूर भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उनके अलावा, कनाडा, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका एवं नाइजीरिया के वरिष्ठ न्यायाधीशों ने भी समारोह में हिस्सा लिया।
- दुनिया में अपनी प्रजाति के अकेले बचे मेढक 'रोमियो' को उसकी साथी मिल गई है। इससे बोलीविया के वर्षा वनों में पाए जाने वाले सेहुएनकास (Sehuencas) प्रजाति के इस मेढक को विलुप्त होने से बचाने की संभावना बढ़ गई है। पिछले एक दशक से यह माना जा रहा था कि रोमियो इस प्रजाति का आखिरी मेढक है। अब शोधकर्त्ताओं को इस प्रजाति की मादा मेढक मिली है, जिससे प्रजनन कराकर इसे विलुप्त होने से बचाया जा सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-19-01-2018